Std VIII.

अव्यय भेद

(हिंदी व्याकरण)

अव्यय वे शब्द होते हैं,जिनमें लिंग, वचन काल आदि के कारण कोई परिवर्तन नहीं होता।ये शब्द सदा एक जैसे ही रहते हैं।जैसे-- प्रतिदिन, और, के साथ, इसलिए आदि।

Qn 1.अव्यय के भेदों की परिभाषा उदाहरण सहित लिखें।

उत्तर:--अव्यय के चार भेद होते है:--

I) क्रियाविशेषण

II) सम्बन्धबोधक

III) योजक

IV)विस्मयादिबोधक

I)क्रियाविशेषण:--जो शब्द क्रिया की विशेषता बताए, उसे क्रिया विशेषण कहते हैं।जैसे--मैं रोज़ पढ़ता हूँ।

मुकुल धीरे-धीरे चल दिया।

(इन वाक्यों में रोज़ व धीरे-धीरे क्रिया विशेषण हैं)

II)सम्बन्धबोधक:--जो शब्द संज्ञा या सर्वनाम के साथ आकार वाक्य के अन्य शब्दों के साथ सम्बन्ध का बोध कराए, उसे सम्बन्धबोधक कहते हैं। जैसे--हमारे घर के आगे बाग है।

कलम के बिना लिखा नहीं जा सकता।

( इन वाक्यों में ,के आगे, के बिना सम्बंधबोधक है)

III)योजक:--दो वाक्यों को जोड़ने वाले शब्द 'योजक' कह लाते हैं।

जैसे--दादी रामायण पढ़ रही हैं तथा माँ खाना पका रही हैं।

जल्दी चलो, नहीं तो देर हो जाएगी ।

(इन वाक्यों में, तथा ,नहीं तो..योजक है)

Iv) विस्मयदिबोधक :--जो शब्द हर्ष, शोक, आश्चर्य आदि भावों को प्रकट करें, उसे विस्मयादि बोधक कहते हैं।

जैसे--वाह! तुम प्रथम आ गये। हाय!नानाजी चल बसे।

(इन वाक्यों में वाह!,हाय!..विस्मयादिबोधक  हैं।)

Qn 2. निम्नलिखित  वाक्यों से अव्यय शब्द चुनकर उसके भेद लिखें:-

I )काश! मैं भी अच्छा  गा सकती।

:--काश!---विस्मयदिबोधक

II)बच्चे को दूध दे दो, ताकि वह चुप हो जाए।

:--ताकि--योजक

III)बीमार होने के कारण डब्लू  दुबला हो गया।

:--के कारण--सम्बन्धबोधक

IV)नयना जल्दी खाना बना लेती  है।

:--जल्दी--क्रिया विशेषण

V)हिरन नदी के किनारे घास खा रहा था।

:--के किनारे--सम्बन्धबोधक

VI)प्रतिभा ज़्यादा पढ़ती  है।

:--ज़्यादा ---क्रियाविशेषण

vi)सब्ज़ी देखने में अच्छी नहीं, लेकिन बहुत  स्वादिष्ट है।

:--लेकिन--योजक

VII)उफ़ !ये गर्मी तो सहन नहीं हो रही। ।:--उफ़---विस्मयादिबोधक

VIII)हमारे देश को गाँधी और नेहरू की आवश्यकता है।

:--और--योजक

Ix)दादाजी कल घूमने नहीं जा सके।

:--कल--क्रियाविशेषण

X )हमें शाम से पहले पानीपत  पहुँचना था।

:--से पहले--सम्बन्ध बोधक

Xi)आकाश में बादल  छाए  हैं,लेकिन वर्षा नहीं हो रही है।

:--लेकिन--योजक

Xii)क्या!तुमने कब सुना?

:--क्या!---विस्मयादिबोधक

Xiii) हरित की बहन बहुत  सोती है।

:---बहुत--क्रिया विशेषण

Xiv)मन्दिर के पीछे एक कुआँ  है।

:--के पीछे--सम्बंधबोधक

XV)नवीन को पानी पिला दो, क्योंकि वह प्यासा है।

:--क्योंकि---योजक।